न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारी:– श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 132/2020 दायर दिनाँक 09.07.2020

वादी		प्रतिवादीगण
1. प्रेमप्रकाश पुत्र शिवकरणराम जाति जाट निवासी मींडासरी, तहसील– लाडनूं, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. तहसीलदार डीडवाना जिला नागौर।

दावा बाबत्
रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 L.R. Act.

उपस्थितः–

1. श्री हरफुलराव वकील वादी

दिनाँक 21.04.2022

–:: निर्णय ::–

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है यह है कि वादी मींडासरी का स्थायी निवासी है जहां उसकी चल व अचल सम्पति अवस्थित है व वादी की कृषि भूमि खसरा सं0 205 रकबा 40 बीघा 19 बिस्वा वाकै सरहद ग्राम खारडिया व पटवार क्षेत्र सिंघाना व भू–अभि0 क्षैत्र डीडवाना तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0 में अवस्थित है।

यह है कि वादी के खातेदारी व हक अधिकार में आई कृषि भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादी का नाम प्रमेश्वर पुत्र शिवकरण राम दर्ज कर दिया गया है, जबकि वादी का सही व वास्तविक नाम प्रेमप्रकाश पुत्र शिवकरणराम है जो सही है। परन्तु राजस्व रेकर्ड के कर्मचारियों व अधिकारियों की भूल व सहवन से वादी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में प्रेमप्रकाश के स्थान पर प्रमेश्वर दर्ज कर दिया गया है।

प्रार्थना वादी निम्न प्रकार है :–

यह है कि दावा डिक्री बहक वादी विरूद्ध प्रतिवादी किया जाकर उपरोक्त वर्णित खसरा सं0 205 रकबा 40 बीघा 19 बिस्वा ग्राम खारड़िया में वादी का नाम प्रमेश्वर के स्थान पर सही नाम प्रेमप्रकाश राजस्व रेकर्ड में दुरूस्त किया जावें तथा इसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें।

वकील वादी को सुना गया। रेकर्ड का अवलोकन किया। वादी ने अपना शपथपत्र पेश किया। वादी के आधार कार्ड, वोटर आईडी एवं मार्क शीट के आधार पर वादी का नाम प्रमेश्वर पुत्र शिवकरण के स्थान पर प्रेमप्रकाश पुत्र शिवकरण राजस्व रेकर्ड में दुरूस्त [illegible] उचित प्रतीत होता है। अतः वादी का वाद डिक्री सादिर किया [illegible] है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.10 12:06:22 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with Oken Scanner

आदेश

अतः हस्ब दावा डिक्री कर वाके सरहद खारडिया वटवार हल्का सिंघाना के खसरा सं0 205 रकबा 40 बीघा 19 बिस्वा में वादी का नाम प्रमेश्वर पुत्र शिवकरण के स्थान प्रेमप्रकाश पुत्र शिवकरण राजस्व रिकर्ड में दुरूस्त किया जाता है। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक **21.04..2022** को सरे ईजलास में सुनाया गया।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.10 12:06:22 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with Oken Scanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः– सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 132/2020

दायर दिनाँक 09.07.2020

वादी		प्रतिवादीगण
1. प्रेमप्रकाश पुत्र शिवकरणराम जाति जाट निवासी मींडासरी, तहसील– लाडनूं, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. तहसीलदार डीडवाना जिला नागौर।

दावा बाबत्
रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 L.R. Act.

दिनाँक 21.04.2022

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री हरफुलराव वकील वादी की ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, हस्ब दावा डिक्री कर वाके सरहद खारडिया वटवार हल्का सिंघाना के खसरा सं0 205 रकबा 40 बीघा 19 बिस्वा में वादी का नाम प्रमेश्वर पुत्र शिवकरण के स्थान प्रेमप्रकाश पुत्र शिवकरण राजस्व रिकर्ड में दुरूस्त किया जाता है। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत.....................–....................
खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह..........–.......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख 21.04.2022 को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलेक्टर,
डीडवाना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

मुद्दई	रूपया	पैसे	मुदायलह	रूपया	पैसे
स्टाम्प अर्जीदावा स्टाम्प वकालतनामा स्टाम्प वजह सबूत महनताना वकील खर्चा गवाहान फिस कमिश्नर बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक	 – –		स्टाम्प वकालतनामा स्टाम्प अर्जी महनताना वकील खर्चा गवाहान फिस कमिश्नर बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक		
मिजान			मिजान		

नोटः–इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीकेन का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.10 12:06:22 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with Oken Scanner